## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क हादसे में घायल मां, बेटे और पोती की उपचार के दौरान मौत

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** जिले में मुंबई-हावड़ा नेशनल हाईवे 53 पर बागनदी थाना क्षेत्र में गुरूवार को हुए सड़क हादसे में घायल मां, बेटे और 5 साल की बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई है। मरने वाले सभी लोग दीवान टोला गांव के रहने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार दीवान टोला का रहने वाला शिवनंदन मरकाम (35 वर्ष) अपनी मां चंपा बाई (60 वर्ष) और 5 साल की बेटी तृप्ति को लेकर ग्राम सड़क चिरचारी में फीवर का इलाज कराने के लिए आया हुआ था। वहां लौटते समय सड़क चिरचारी के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिसके बाद तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने तीनों को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान शिवनंदन, उसकी मां और बेटी तीनों की मौत हो गई है। इधर इस घटना के बाद आरोपी कार चालक जो कि गोंदिया की तरफ जा रहा था कार छोड़कर फरार हो गया। कार को जब्त कर लिया गया है।

### सड़क हादसे में घायल मां-बेटे की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** काठाडीह स्थित मां शारदा स्कूल के पास हुए सड़क हादसे में घायल मां-बेटे की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार काठाडीह निवासी मृतिका पूजा जैन अपने पुत्र संतोष के साथ ई बाइक से कहीं जा रही थी, तभी काठाडीह स्थित मां शारदा स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे पूजा जैन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायल संतोष की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### दुर्गा विसर्जन के दौरान दो गुटों में संघर्ष, डीजे वाहन में तोड़फोड़

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में दुर्गा विसर्जन के दौरान दो पक्षों की भिड़ंत हो गई जिसके बाद जमकर दोनों के बीच पथराव हुआ वहां तक की विसर्जन में लगे वाहनों और डीजे पर भी जमकर तोड़फोड़ की गई.. बिलासपुर में हर वर्ष दशहरे के दूसरे दिन पूरे शहर में एक साथ झांकी निकालकर दुर्गा विसर्जन किया जाता है बीती रात से ही शहर के गोल बाजार से लेकर पचरी घाट तक विसर्जन की तैयारियों की गई थी इस दौरान राजनैतिक और सामाजिक तौर पर झांकियों का स्वागत करने की व्यवस्था भी बनाई गई थी.. लेकिन सुबह होते होते दुर्गा विसर्जन के दौरान दो ग्रुप की आपस में झगड़ा हो गई जिसके बाद दोनों तरफ से जमकर पथराव किया गया.. ग्रुपों में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी पत्थर चलाएं। इस विवाद के दौरान पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी भी इस दौरान नदारद रहे बताया जा रहा है कि पत्थरबाजी के दौरान लोगों को भी चोट आई हुई है क्योंकि दूर-दूर से दुर्गा विसर्जन देखने आए लोग रात भर सड़क के किनारे बैठकर झांकियां देखते हैं और जिस दौरान पथराव हुआ आसपास में लोगों की संख्या बहुतायत में मौजूद थी।

### नक्सलियों ने बैनर लगाकर पूर्व सरपंच को दी जान से मारने की धमकी

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने बैनर लगाकर पूर्व सरपंच लखमू राम सरफे को जान से मारने की धमकी दी है। नक्सलियों ने पूर्व सरपंच पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए जन अदालत में सजा देने की चेतावनी दी है। पुलिस ने उक्त नक्सली बैनर को बरामद कर लिया है। नक्सली बैनर में बड़े तेवड़ा गांव के पूर्व सरपंच लखमू राम सरफे पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। नक्सलियों ने पूर्व सरपंच पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए पूर्व सरपंच को जन अदालत लगाकर जान से मारने की धमकी दी है। नक्सलियों ने पूर्व सरपंच पर मजदूरों का पैसा गबन करने और नौकरी लगाने के नाम पर उगाही करने का गंभीर आरोप लगाया है। इसके अलावा ठेकेदारों से नक्सलियों ने नाम पर पैसों की उगाही करने का भी नक्सलियों ने आरोप लगाया है।

# छत्तीसगढ़ बनेगा देश का मिलेट हब - मुख्यमंत्री बघेल

- मुख्यमंत्री ने कांकेर में देश के सबसे बड़े मिलेट प्रसंस्करण उद्योग का किया लोकार्पण
- प्रसंस्करण उद्योग का अवलोकन कर संचालन गतिविधियों, मार्केटिंग एवं तैयार उत्पादों से संबंधित जानकारी भी ली
- कांकेर के नथिया नवागांव में खुला देश का सबसे बड़ा मिलेट प्रसंस्करण उद्योग
- शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों से बातचीत कर जाना हालचाल

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रदेश में स्थापित देश के सबसे बड़े मिलेट प्रसंस्करण उद्योग का लोकार्पण किया इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रसंस्करण उद्योग का अवलोकन कर संचालन गतिविधियों, मार्केटिंग एवं तैयार उत्पादों से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने वहां शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।



मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ देश का मिलेट हब बनेगा। आज कांकेर के नाथियानवागांव में लघु धान्य प्रोसेसिंग इकाई का शुभारंभ किया गया है, जिससे कोदो-कुटकी-रागी की खेती करने वाले किसानों के साथ-साथ महिला स्व-सहायता समूहों को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मिलेट मिशन के अंतर्गत स्थापित यह इकाई भारत की सबसे ज्यादा क्षमता वाली इकाई है। इस इकाई की वार्षिक प्रसंस्करण क्षमता 10 से 12 हजार टन है, जिसके लिए प्रतिदिन लगभग 34 से 40 टन कोदो-कुटकी-रागी की आवश्यकता होगी।

बघेल ने कहा कि इस इकाई के लिए रॉ-मटेरियल छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से सीधे किसानों से क्रय कर उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन तथा अवनी आयुर्वेदा के बीच एमओयू किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर के बकावण्ड में काजू प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की गई है, जिससे वहां के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। आज लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के ग्राम धुरागांव में इमली प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की गई है, जिससे इमली संग्राहकों को लाभ मिलेगा।

इस प्रसंस्करण इकाई मं् 07 प्रकार के मशीनों द्वारा कोदो-कुटकी-रागी को प्रसंस्कृत कर कोदो-कुटकी-रागी से चावल तथा इनका दलिया, सूजी, आटा सेवई, पास्ता, सूप मिक्स, बिस्किट, कुकीज, लड्डू इत्यादि बनाया जाएगा। साथ-साथ इनकी पैकेजिंग भी की जाएगी। इन उत्पादों की मार्केटिंग राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर की जाएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लघु धान्य प्रसंस्करण तथा इससे संबंधित मूल्य संवर्धन उत्पाद इकाई का लोकार्पण कर संयंत्र का अवलोकन किया तथा प्रोसेसिंग के विभिन्न प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने लघु धान्य से तैयार लड्डू एवं हलवा को चखकर भी देखा। छत्तीसगढ़ शासन के मिलेट मिशन के अंतर्गत स्थापित इस इकाई को प्रोत्साहन हेतु सीएसआईडीसी द्वारा सब्सिडी भी उपलब्ध कराई जायेगी। इस इकाई की स्थापना के लिए आई.आई.एम.आर. हैदराबाद के साथ अवनी आयुर्वेदा प्राइवेट लिमिटेड एवं जिला प्रशासन उत्तर बस्तर कांकर के बीच तकनीकी जानकारी उच्च क्वालिटी के बीज, सीड बैंक की स्थापना और प्रशिक्षण के लिए एमओयू किया गया है। अवनी आयुर्वेदा प्राइवेट लिमिटेड के प्रसंस्करण इकाई से 100 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा तथा छत्तीसगढ़ राज्य के हजारों किसान भी लाभान्वित होंगे, जो कोदो-कुटकी-रागी का उत्पादन करते हैं। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य मिल पायेगा।

लघु धान्य (कोदो-कुटकी-रागी) की प्रसंस्करण तथा इससे संबंधित मूल्य संवर्धन उत्पाद इकाई के स्थापना से 100 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रूप से तथा जिले के लगभग 04 हजार एवं राज्य के लगभग 25 हजार किसान भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे, जो कोदो-कुटकी-रागी फसल की खेती करते हैं, साथ ही साथ उन महिला समूहों को भी लाभ मिलेगा, जो इनकी खरीदी करते हैं। इस इकाई के स्थापना से जिले के किसान कोदो-कुटकी-रागी की खेती के लिए प्रोत्साहित होंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलेट मिशन के तहत् कोदो-कुटकी-रागी का समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। शासन द्वारा रागी 33.70 रूपये प्रति किलोग्राम, कोदो एवं कुटकी 30 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इसके अलावा धान के बदले अन्य लाभकारी फसलों की खेती के लिए राज्य शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत् इनपुट सब्सिडी भी दी जा रही है।

## शेयर मार्केट में ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** एक डॉक्टर के साथ व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर मार्केट में ऑनलाइन निवेश के नाम पर फ्राड करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामलें में पूर्व में कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

मिली जानकारी के अनुसार शेयर मार्केट में ऑनलाईन निवेश के नाम पर ठगी करने वाली कंपनी के पूर्व में गिरफ्तार डायरेक्टर के सहयोगी की गिरफ्तारी करने में राज्य साइबर पुलिस थाना को सफलता मिली। जिंदल एवं फोर्टिस हॉस्पीटल रायगढ़ पतरापाली में कार्यरत जनरल सर्जन रायगढ़ निवासी संजीव पुरकालस्थ के साथ आरोपियों द्वारा हाटसएप्प के माध्यम से स्वंय को सिंगापुर की एक फाइनेंसियल कंपनी, जिसकी भारत में भी एक शाखा है, का आर्थिक विश्लेषक (फाइनेंसियल एनालिस्ट) बताकर दोस्ती




की गई एवं ट्रेडिंग एकाउंट खोलने का लिंक भेजकर लिंक में रजिस्टर्ड होकर इन्वेस्टमेंट करने पर म्युचुअल फण्ड से ज्यादा रिर्टन का भरोसा दिलाकर कुल 87,00,000 रूपये की धोखाधड़ी की गई। जब प्रार्थी को यह विश्वास हो गया की यह सायबर ठगी का शिकार हो गया तब उसने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवायें के समक्ष प्रस्तुत होकर शिकायत की जिस पर संज्ञान लेते हुये प्रार्थी के लिखित आवेदन पर दिनांक 26.10.2021 को राज्य साइबर पुलिस थाना में अपराध धारा 420 भादवि एवं 66(डी) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

विवेचनाक्रम में यह पता चला कि क्रिएटीवक्रू टेक्नालाजी प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के साथ ही अन्य कई कंपनी ठगी के उद्देश्य से खोली गई जो कि क्रह्रष्ट मे रजिस्टर्ड करायी गई थी। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी से जानकारी प्राप्त करने पर इस तरह की अन्य कंपनी की जानकारी प्राप्त हुई जिसमें एमएचए द्वारा पूर्व में उपरोक्त कंपनियों पर कार्यवाही हेतु रजिस्ट्रार आफ कंपनी को निर्देशित किया गया था। गिरफ्तार कंपनी के डायरेक्टर मोहसिन एन द्वारा बताया गया कि उसने अपने साथी निजामुददीन ए.बी. उर्फ निजाम के साथ मिलकर क्रिएटीवक्रू टेक्नालॉजी प्राइवेट लिमिटेड व अन्य कंपनी को साथियों के साथ मिलकर रजिस्टर करवाया था।

निजामुददीन ए.बी. उर्फ निजाम के द्वारा फेक कंपनी के डायरेक्टर को विदेशी नागरिक के कहने पर समय समय पर बदला जाता था जिससे डायरेक्टर के संबंध में पुलिस को जानकारी ना हो। दस्तावेज के आधार पर आरोपी द्वारा विभिन्न तिथियों को जिन खाता नंबरों में सम्पूर्ण धोखाधड़ी की राशि जमा कराई गई थी उक्त संबंध में आरोपी (निजामुददीन ए.बी. उर्फ निजाम) को कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया गया बाद जिसे बदनापल्ली जिला थ्रिसुर केरल से गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया। अपराध में संलिप्त विदेशी नागरिक व अन्य आरोपियों के संबंध में पतासाजी जारी है।

## नहर में डूबे व्यक्ति का दो दिनों बाद शव मिला

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र के खिसोरा गांव के बड़ी नहर में नहाने गया एक व्यक्ति बह गया। जिसकी लाश शुक्रवार को खिसोरा से तीन किलोमीटर दूर किरारी के बड़े नहर पुल में पास मिली। मामलें में पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक क नाम रामनारायण भास्कर है जो जयरामनगर परसदा थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर का रहने वाला था। वो अपने जीजा तेज चंद कुर्रे के घर 5 अक्टूबर को दशहरा उत्सव देखने के लिए अकलतरा के खिसोरा आया हुआ था। 6 अक्टूबर की सुबह साढ़े 7 बजे वो घर से नहाने के लिए खिसोरा से होकर गुजरने वाली बड़ी नहर में अकेले ही गया हुआ था। घर से नहर की दूरी महज 300 मीटर है। काफी देर तक भी जब वो वापस नहीं लौटा, तो उसका जीजा तेज चंद कुर्रे उसे देखने नहर पर गया। वहां रामनारायण के कपड़े तो दिखाई दे रहे थे, लेकिन वो खुद कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। इसके बाद गुरुवार दोपहर परिजनों ने अकलतरा थाने में घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गोताखोरों को नहर में उतारा, लेकिन लाश नहीं मिल सकी। शुक्रवार को फिर से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस बीच किरारी के नहर पुल के पास ग्रामीणों ने लाश देखे जाने की सूचना दी। पुलिस वहां पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। परिजनों ने शव की शिनाख्त कर ली है।

## ध्वनि प्रदूषण करने वाले युवक के खिलाफ कार्यवाई



**कोरबा (आरएनएस)।** बुलेट वाहन में फटाकायुक्त साईलेंसर लगाकर शहर में ध्वनी प्रदूषण करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। युवक शराब के नशे में वाहन चना रहा था साथ ही ध्वनी प्रदूषण भी कर रहा था। शिकायत मिलने के बाद सीएसईबी पुलिस हरकत में आई और वाहन को जप्त करने के साथ ही चालक को हिरासत में लेकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एक बार फिर से कार्रवाई करने का दौर शुरु कर दिया गया है। नशे में मदहोश होकर वाहन चलाने के साथ ही दुपहिया वाहन में ध्वनी फैलाने वाले यंत्र लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीएसईबी पुलिस को शिकायत मिली थी कि दीपक केशरवानी नामक युवक बुलेट वाहन में फटाकायुक्त साईलेंसर लगाकर शहर में घूम रहा है इतना ही नही वह नशे में भी है। पुलिस ने तत्काल उसे रुकवाया और उसका मुलाहिजा कार्रवाया। डॉक्टरी मुलाहिजे में उसके द्वारा नशे में होने की बात सामने आई जिसके बाद उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और मामला कोर्ट में पेश किया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि युवक के खिलाफ कम से कम 17 हजार रुपयों का जुर्माना लगेगा।

## बच्चा चोर बताकर साधुओं की पिटाई मामलें में पांच गिरफ्तार



**भिलाई (आरएनएस)।** पिछले दिनों बच्चा चोर होने के शक में कुछ तीन साधुओं की पिटाई करने के मामलें में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि 5 अक्टूबर प्रात: 11 बजे के लगभग गणेश चौक चरौदा थाना पुरानी भिलाई के पास साधु की वेषभूषा में घूम रहे तीन लोगों को संधिग्ध नज़र आने पर कुछ लोगों ने बच्चा चोर होने की अफ़वाह फैला दी और भीड़ इक_ी कर उक्त तीन लोगों के साथ मारपीट करने लगे। पुलिस को सूचना मिलने पर पेट्रोलिंग स्टाफ़ पहुँचकर इनको तत्काल भीड़ से छुड़ाकर थाना लाया गया और अस्पताल ले ज़ाया गया अस्पताल में डॉक्टर ने सामान्य चोट बताते हुए इनका प्राथमिक उपचार के उपरांत इनकी छुट्टी कर दी गई। पूछताछ में इन्होंने अपना नाम पता राजवीर सिंग पिता जीतसिंग उम्र 28 वर्ष निवासी गोविन्दगढ़ ज़िला अलवर राजस्थान

श्याम सिंग पिता साहब सिंग उम्र 23 वर्ष निवासी गोविन्द गढ़ ज़िला अलवर राजस्थान तथा अमन सिंग पिता दिलबाग सिंग 28 वर्ष बताया लेकिन अपना किसी प्रकार का परिचय पत्र या आधार कार्ड नहीं दिखाया। चोट एवं अपराध पाये जाने पर अज्ञात लोगों के ख़िलाफ़ थाना पुरानी भिलाई ज़िला दुर्ग में मारपीट करने वालों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 147 भादवि के तहत अपराध क़ायम किया गया तथा विडीओ फूटेज के आधार पर पाँच आरोपियों की अब तक गिरफ़्तारी की गई है। जिनमें सत्यनारायण चलधारी पिता स्व श्रवण चहधारी उम्र 44 वर्ष निवासी- ईंटा मट्‌ट्टी के पास चरौदा बस्ती भिलाई। मूलचंद विषाद पिता नरसिंग निषाद उम्र 40 वर्ष निवासी चरौदा बस्ती वार्ड 2 ) भिलाई। यशवंत साहू पिता दीनद्याल साहू उम्र 30 वर्ष निवासी शिवाजी चौक चरौदा बस्ती भिलाई। सत्येंद्र कुमार महतो पिता रामकुमार उम्र 32 वर्ष निवासी गणेश चौक चरौदा बस्ती भिलाई तथा भूपेश कुमार वर्मा उफर् कान्हा वर्मा पिता राजूराम वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी गणेश चौक चरौदा शामिल है।

## मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप 1 नवम्बर से होगी धान की खरीदी

- किसानों से 110 लाख मीटरिक टन धान खरीदने का लक्ष्य
- किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदने पर्याप्त बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्णय
- आगामी खरीफ विपणन वर्ष में खान खरीदी की तैयारियों के लिए मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप राज्य में एक नवम्बर से धान खरीदी शुरू होगी। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए मंत्रीमंडलीय उप समिति की आज बैठक आयोजित की गई। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी खरीफ वर्ष में किसानों की पंजीयन व्यवस्था, धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग के लिए पर्याप्त बारदानों की उपलब्धता पर चर्चा की गई। मंत्रीमंडलीय उप समिति की बैठक में राज्य में 110 लाख मीटरिक टन धान खरीदी के लक्ष्य के अनुरूप धान खरीदी केन्द्रों सहित सभी स्तरों के संबंध में तैयारियों पर चर्चा के दौरान प्राथमिकता के साथ बारदाना की उपलब्धता पर बल दिया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप इस वर्ष प्रदेश के किसानों से एक नवम्बर से ही धान की खरीदी की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर नियमित रूप से समीक्षा भी की जा रही है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदी के लिए केन्द्रीय एजेंसियों से प्राप्त बारदानों की आपूर्ति के साथ ही पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मिलर्स और किसानों से बारदाना और क्रय कर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बारदानों की व्यवस्था की गई थी। चूंकि इस वर्ष एक नवम्बर से ही धान की खरीदी की जानी है। विभाग द्वारा इसके लिए गहन तैयारी की जा रही है। बारदानों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। किसानों से सुगमतापूर्वक धान खरीदने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## मुख्यमंत्री विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार में हुए शामिल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी संस्कृति में आज भी आदिम परंपराओं की खूबसूरती है। छत्तीसगढ़ आदिवासियों का प्रदेश है यही इसकी सबसे बड़ी सुंदर पहचान है। बस्तर दशहरा, बस्तर अंचल की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। जिसे यहां के आदिवासी समाज के साथ हर वर्ग के लोग पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाते आ रहे हैं। मेरा सौभाग्य है कि, बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार में विगत 4 वर्षो से उपस्थित होने का सौभाग्य मिल रहा है। यहां पर मुरिया दरबार के मांझी-चालकी, मुखिया, मेंबर-मेंबरिन और सदस्यों से मिलकर बस्तर के विकास को लेकर चर्चा करने सहित हम विकास की नीतियां और योजनाएं बना रहे हैं। जिससे बस्तर के समग्र विकास को एक नई दिशा देने में कामयाबी मिली है। उक्त बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर दशहरा पर्व के ऐतिहासिक मुरिया दरबार को संबोधित करते हुए कही।




मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि इस मुरिया दरबार में जो घोषणाएं विगत वर्षों में की गई थी उसे पूरा किया गया है। उन्होंने बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष की मांग पर बस्तर दशहरा पर्व के मांझी-चालकी, मेंबर-मेंबरिन और पारंपरिक सदस्यों के पोशाक हेतु 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। वहीं शासकीय महाविद्यालय तोकापाल का नामकरण शहीद हरचंद तथा शासकीय महाविद्यालय बकावंड का नामकरण जरकरण भतरा के नाम से करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत वर्षों में समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए समुचित कदम उठाएं हैं। इस ओर राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, नरवा, गरुआ, घुरवा और बाड़ी सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं से आम जनता के साथ ही किसान, मजदूर और महिलाओं को विकास की दिशा में अग्रसर होने का सुअवसर मिला है। राज्य सरकार की पहल पर राजीव युवा मितान क्लब योजना से अब युवा वर्ग मुख्यधारा से जुडक़र राज्य के विकास में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वन आधारित और कृषि उत्पाद के मूल्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक ब्लॉक में ग्रामीण औद्योगिक पार्क बना रही है, जिससे स्थानीय स्तर पर उत्पाद को तैयार कर उसके विपणन के लिए व्यवस्था सुलभ होगी। वहीं युवाओं, महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को रोजागार सुलभ होगी। उन्होंने कहा कि लोहंडीगुड़ा में इमली प्रसंस्करण फैक्ट्री की शुरूआत हो रही है।